हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 4 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 केन्द्रीय मंत्री के समक्ष रखी पुरानी कृषि मंडी से जुड़े...



08 28 लाख का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सालों से...



खबर संक्षेप

10 अगस्त तक मांगे सम्मान प्रस्ताव

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य समारोह इस वर्ष भी पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होगा। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड रिहर्सल, आमंत्रण पत्र वितरण और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां विभागवार सौंपीं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के सम्मान हेतु उनके प्रस्ताव 10 अगस्त तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

पठारी हवेली मूंग खरीद केंद्र का किया निरीक्षण

विदिशा। एसडीएम क्षितिज शर्मा ने सोमवार को मूंग उपार्जन केंद्र पठारी हवेली का औचक निरीक्षण कर उपार्जन कार्य एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था, तौल, भंडारण और गुणवत्ता परीक्षण का निरीक्षण किया। अधिकारियों एवं समिति प्रबंधक को निर्देश दिए कि शासन के निर्धारित मानकों के अनुसार ही मूंग की खरीदी की जाए तथा तौल, पंजीयन, परिवहन और भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से संचालित हो।

1 हजार 767 किसानों से मूंग की उपज खरीदी

विदिशा। जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत ग्रीष्मकालीन मूंग का समर्थन मूल्य पर उपार्जन जारी है। जिला विपणन अधिकारी राखी रघुवंशी ने बताया कि 3 अगस्त तक 1 हजार 767 किसानों से 10 हजार 921 क्विंटल मूंग खरीदी जा चुकी है। खरीदी के विरुद्ध 7.09 करोड़ रुपए से अधिक के ई-पेमेंट ऑर्डर (ईपीओ) जारी किए गए हैं, जबकि 6.62 करोड़ रुपए की राशि किसानों के बैंक खातों में जमा हो चुकी है। शासन के निर्देशानुसार खरीदी और ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से संचालित की जा रही है।

भिक्षावृत्ति छोड़ चार बच्चों का स्कूल में प्रवेश

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के अभियान के तहत जतरापुरा क्षेत्र के चार बच्चों का शासकीय प्राथमिक शाला में प्रवेश कराया गया है। जिला बाल संरक्षण इकाई के आउटरीच वर्कर महेंद्र धाकड़ ने विद्यालय पहुंचकर प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा की। प्राचार्य एसआर भगत ने बताया कि शेष चिन्हित बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया भी जारी है और जल्द पूरी कर ली जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग व शिक्षा विभाग के समन्वय से चल रहे इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य से जोड़ना है।

भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालु हुए भावविभोर



विदिशा। स्वर्णकार कॉलोनी स्थित विनायक बैंक्विट हॉल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण महोत्सव के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित संतोष शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भागवत महिमा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि भागवत भागीरथी सबका उद्धार करती है। धुंधकारी प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत का श्रद्धापूर्वक श्रवण मनुष्य को मोक्ष का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि जैसा अन्न होगा वैसा मन, जैसा पानी होगा वैसी वाणी और जैसी दृष्टि होगी वैसी ही सृष्टि दिखाई देगी। कथा में प्रथम स्कंध की अधिकारी लीला का सुंदर वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन एवं अभिषेक भी हुआ।

कांवड़ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, महाकाल की शाही सवारी निकली

चार घंटे में 3 किमी पैदल चलकर बेतवा घाट से कांच मंदिर तक पहुंचे शिवभक्त

बेतवा तट से जल लेकर कांच मंदिर पहुंचे शिवभक्त, चार घंटे की पदयात्रा के बाद किया भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। बेतवा के बड़वाले घाट से निकाली गई कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

श्रावण मास के पहले सोमवार को सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। बेतवा से पवित्र जल भरकर सैकड़ों शिवभक्त, बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ माधवगंज स्थित कांच मंदिर पहुंचे, जहां भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया गया। पूरे मार्ग में भक्ति, उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि श्रावण मास के प्रथम सोमवार को समिति द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और शिवभक्तों ने यात्रा में सहभागिता की। बेतवा के बड़वाले घाट से जल भरने के बाद कांवड़ यात्रा बजरिया, बड़ा बाजार, तिलक चौक, निकासा होते हुए माधवगंज स्थित कांच मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों, डीजे पर बज रहे शिव भक्ति गीतों और जयघोषों से पूरा शहर शिवमय हो गया। कांवड़ यात्रा संयोजक नीलम हेमंत राजपूत ने बताया कि लगभग 3 किलोमीटर की पदयात्रा श्रद्धालुओं ने करीब 4 घंटे में पूरी की। मार्ग में जगह-जगह सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया तथा पेयजल एवं प्रसाद की व्यवस्था भी की। यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण भगवान श्री महाकाल की भव्य शाही सवारी रही। बेतवा तट पर आचार्य संजय पुरोहित ने कांवड़ एवं महाकाल की विशेष पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद सुसज्जित पालकी में विराजमान महाकाल की शाही सवारी निकाली गई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, विभाग प्रचारक सौरभ सिंह, जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी सहित समिति के संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महाकाल की शाही सवारी बनी आकर्षण

- सुसज्जित पालकी में निकले भगवान श्री महाकाल।
- बेतवा तट पर विशेष पूजन-अर्चन के बाद यात्रा शुरू।
- पूरे मार्ग में पुष्पवर्षा और आरती स्वागत कर स्वागत हुआ।
- हर-हर महादेव और जय श्री महाकाल के जयघोष से गूंजा शहर का मुख्य मार्ग।

कांवड़ यात्रा एक नजर में

- आयोजक: सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति
- प्रारंभ स्थल: बेतवा नदी के बड़वाले घाट से यात्रा प्रारंभ
- समापन: कांच मंदिर पर हुआ
- दूरी: लगभग 3 किलोमीटर
- समय: 4 घंटे की पदयात्रा
- विशेषता: सैकड़ों महिलाओं सहित हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता, महाकाल की शाही सवारी और भगवान भोलेनाथ का बेतवा जल से अभिषेक।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर विदिशा में जश्न मिठाई बांटकर मनाई खुशी

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी, जीत को जनता के विश्वास की जीत बताया



विदिशा। कांग्रेस की जीत का जश्न मनाकर मिठाई खिलाते मोहित रघुवंशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस ने सोमवार को माधवगंज चौराहे पर विजय उत्सव मनाया।

कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। कांग्रेस की इस जीत पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल सिलाकारी ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास, कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों और समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। जिलाध्यक्ष श्री मोहित रघुवंशी ने कहा कि जनता ने बदलाव के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि यह जीत मध्य प्रदेश की राजनीति में परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नपा सफाई कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष बने मुकेश

विदिशा। नगरपालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की अखिल भारतीय सभा मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन का सोमवार को चुनाव हुआ। चुनाव में मुकेश नहारिया अध्यक्ष, ताराचंद बोहत उपाध्यक्ष तथा नवीन चौहान निर्विरोध महामंत्री निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया के लिए प्रदेश अध्यक्ष मगनलाल झा ने प्रदेश महामंत्री राजेंद्र भैरव और कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अनिल जैन को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। इस अवसर पर आनंद घेंघट, मुन्नालाल मैना, जिला अध्यक्ष कमल खरे एवं महामंत्री विनोद खरे सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र शासन द्वारा नागरिक सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एमपी ई-सेवा पोर्टल, ई-ऑफिस और यूनिकोड हिंदी टाइपिंग का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को एमपी ई-सेवा पोर्टल के संचालन, ई-फाइल प्रबंधन, डिजिटल हस्ताक्षर (डिजिटल सिग्नेचर), पत्राचार प्रबंधन तथा ई-ऑफिस के विभिन्न मॉड्यूल की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। साथ ही सीपीसीटी की आवश्यकताओं के अनुरूप यूनिकोड हिंदी टाइपिंग का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा, ताकि अधिकारी-कर्मचारी डिजिटल माध्यम से कार्यालयीन कार्य कुशलतापूर्वक कर सकें। शासन ने सभी विभागों से अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रशिक्षण में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षण संबंधी जानकारी एवं सहायता के लिए ई-वक्ष केंद्र प्रभारी से मोबाइल नंबर 9755816980 पर संपर्क किया जा सकता है।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव में गुरु-परंपरा का गुणगान



विदिशा। लक्ष्मीनारायण मंदिर नंदवाना में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन मनमोहन शर्मा (मुखिया) एवं ब्रजकिशोर गोयल के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में समाज, धर्म, साहित्य और इतिहास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों का सम्मान किया गया। प्रख्यात लेखिका एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. कमल चतुर्वेदी, इतिहासकार गोविंद देवलिया तथा धर्माचार्य डॉ. मनोज नारायण शास्त्री को सम्मानित किया गया। आचार्य शिवकुमार तिवारी ने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु जीवन को सही दिशा, ज्ञान और आत्मिक उन्नति प्रदान करते हैं। डॉ. कमल चतुर्वेदी ने भारतीय संस्कृति में गुरु-परंपरा का महत्व बताया, जबकि गोविंद देवलिया ने विदिशा की सांस्कृतिक विरासत और सनातन परंपराओं पर प्रकाश डाला। डॉ. मनोज नारायण शास्त्री ने गुरु कृपा से जुड़े प्रेरक प्रसंग साझा किए। कार्यक्रम का संचालन पंडित सतीश व्यास ने किया तथा अंत में मनमोहन शर्मा (मुखिया) ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश 7 अगस्त से गांव-गांव लगेंगे जन विश्वास शिविर

अनफिट बसों पर कार्रवाई, हर पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर श्री गुप्ता।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को समय-सीमा बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जनहित के मामलों में संवेदनशीलता, जवाबदेही और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।बैठक में बताया गया कि जिले की ग्राम पंचायतों में 7 अगस्त से 8 जनवरी 2027 तक विशेष जन विश्वास शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ और शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने डेंगू एवं मलेरिया नियंत्रण के लिए नियमित लार्वा सर्वे, दवा छिड़काव और साप्ताहिक मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। ड्रग इंस्पेक्टर को डेंगू-मलेरिया की दवाओं की बिक्री का रिकॉर्ड संकलित कर थोक विक्रेताओं की सूची के आधार पर संयुक्त जांच कराने के लिए कहा। परिवहन विभाग को प्रतिदिन वाहन जांच अभियान चलाकर जिले में अनफिट बसों का संचालन पूरी तरह रोकने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा राशन दुकानों में ई-केवाईसी अभियान तेज करने, नई पात्रता पर्चियां जारी करने, पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रगति बढ़ाने, निजी कस्टम हायरिंग सेंटरों का सत्यापन कराने तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार-प्रसार के लिए गांव-गांव रथ संचालित कर किसानों का अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

नदी संरक्षण को लेकर कलेक्टर सख्त, ड्रोन सर्वे और जांच के निर्देश

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में नदी संरक्षण से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को तय समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में वनमंडलाधिकारी हेमंत यादव सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जिले की 10 प्रमुख नदियों का मानचित्रण, प्रवाह क्षेत्र का भौतिक सत्यापन, नदी किनारे 100 मीटर क्षेत्र में अतिक्रमण चिन्हित कर ड्रोन सर्वे कराने तथा रासायनिक प्रदूषण की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने उद्योगों से होने वाले प्रदूषण पर कार्रवाई, अस्पतालों में एसटीपी, ईटीपी की जांच, एसएटीआई के विद्यार्थियों से जल गुणवत्ता परीक्षण कराने, नदी किनारे गांवों में समितियां गठित करने के निर्देश दिए हैं।

प्रवेश: तृतीय चरण की अंतिम तिथि 4 अगस्त

विदिशा। शासकीय आईटीआई विदिशा में प्रवेश के तृतीय चरण की अंतिम तिथि 4 अगस्त निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को इस अवधि में मूल दस्तावेजों के सत्यापन के बाद संबंधित संस्था में प्रवेश लेना होगा। प्राचार्य ने बताया कि 8 अगस्त को चतुर्थ चयन सूची जारी होगी, जबकि प्रवेश प्रक्रिया 8 से 11 अगस्त तक चलेगी। जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, वे ऑनलाइन आवेदन कर आगामी चयन सूची में शामिल हो सकते हैं। आईटीआई में विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में आधुनिक प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति, अप्रेंटिसशिप और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में आईटीआई से संपर्क किया जा सकता है।

सेंट मेरी कॉलेज में खेल समिति का गठन हुआ

विदिशा। सेंट मेरी पीजी कॉलेज में खेल समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष अंशुल दांगी, उपाध्यक्ष अनुष्का मीना, सचिव ध्रुव दुबे, सह सचिव रश्मि लोधी, कोषाध्यक्ष प्रगति रोंगे एवं मीडिया प्रभारी सत्यम कुशवाह चुने गए। संस्था संचालक फादर सिन्टो, सिस्टर प्रभावती, प्राचार्य डॉ. डीएस सचान सहित प्राध्यापकों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

महिला कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और सांसद कंगना रनौत का पुतला फूंका

दोषियों के समर्थन पर जताया कड़ा विरोध



विदिशा। प्रदर्शन के दौरान पुतला छीनने का प्रयास करते हुए महिला पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला महिला कांग्रेस ने सोमवार को बरईपुरा चौराहे पर प्रदर्शन कर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी व सांसद कंगना रनौत का पुतला जलाया।

प्रदर्शन में महिला कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं कांग्रेसजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा बिलकिस बानो प्रकरण के दोषियों के समर्थन तथा सांसद कंगना रनौत द्वारा आंदोलनकारी महिलाओं के लिए की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार ने कहा कि महिलाओं के सम्मान से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और महिला कांग्रेस अन्याय के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री सुभाष बोहत ने दोषियों के समर्थन करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी ने भी भाजपा सरकार के मंत्री एवं सांसदों को अपने बयानों पर महिलाओं से माफी मांगने की बात कही।

100 साल पुराने महादेव मंदिर में भक्तों ने किया अभिषेक

प्रथम सोमवार को कांच मंदिर में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। कांच मंदिर में भगवान भोलेनाथ का पूजन करते हुए श्रद्धालु महिलाएं।

सावन के पहले सोमवार को माधवगंज स्थित कांच महादेव मंदिर में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह तड़के से ही श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। मंदिर परिसर दिनभर जयघोष से गूंजता रहा। भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, शहद, घी, शर्करा और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मसावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए सबसे पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना से भगवान शिव भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसी विश्वास के साथ सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक और पूजा के लिए मंदिर पहुंचे।

1926 में हुई थी कांच महादेव मंदिर की स्थापना

कांच से सुसज्जित यह मंदिर सावन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन जाता है। भीड़ को देखते हुए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई थी। मंदिर समिति, स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम किए, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु रही। मंदिर समिति के अनुसार कांच महादेव मंदिर की स्थापना वर्ष 1926 में हुई थी। 26 मार्च 2026 को मंदिर ने अपने 100 वर्ष पूरे किए। वर्ष 1959 में मंदिर में कांच की कलात्मक सजावट कराई गई, जिसके बाद यह पूरे क्षेत्र में 'कांच मंदिर' के नाम से प्रसिद्ध हो गया। मंदिर परिसर में भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा भी स्थापित है, जिसके दर्शन के लिए भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। सावन के पहले सोमवार पर कांच महादेव मंदिर में आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरा मंदिर परिसर शिवमय वातावरण में डूबा रहा।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-7312
सरसों
न्यूनतम भाव-5700
उच्चतम भाव-7725
चना
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-6327
मसूर
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-9110
शरबती
न्यूनतम भाव-3001
उच्चतम भाव-4800
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2380
उच्चतम भाव-3000
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2439
उच्चतम भाव-2528
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2571
उच्चतम भाव-3252
बटरी
न्यूनतम भाव-3220
उच्चतम भाव-3220
मूंग
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-7452
धान
न्यूनतम भाव-4135
उच्चतम भाव-4135
मक्का
न्यूनतम भाव-1935
उच्चतम भाव-1935

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 6581 बोरों उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

शिवालयों में उमड़ी भीड़



गंजबासौदा। श्रावण मास के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में देर रात तक श्रद्धालुओं भीड़ उमड़ी रही। सावन के पहले सोमवार को नगर सहित आसपास के गांवों से भी बडी संख्या में शिवभक्त कांवड में जल लेकर उदयपुर एवं अन्य शिवधामों तक पहुंचे और वहां भगवान भोलेनाथ का अपने साथ लाए जल से अभिषेक कर मंगल कामना की। इसके अलावा भी श्रद्धालुओं ने अपने अपने तरीके से शिवार्चन किया। इस अवसर पर उदयपुर के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, शिवधाम गमाखर, त्योंदा के पहाडी शिवमंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड लगी रही।

मेंटेनेंस के चलते आज बिजली प्रदाय रहेगा बंद

गंजबासौदा। मंगलवार को कृषि कॉलेज 11 केव्ही फीडर पर मेंटेनेंस के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रहेगा। इस वजह से कृषि कॉलेज क्षेत्र और चौरावर गांव में विद्युत सप्लाई ठप रहेगी। मैंटेनेंस का कार्य पूरा होते ही सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

मूर्तिकारों की बैठक आयोजित,पीओपी की मूर्तियां बनाना प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने इस वर्ष प्लास्टर ऑफ पेरिस यानि पीओपी की मूर्तियों के निर्माण पर सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। सोमवार शाम 4 बजे पटवारी सभागृह में एसडीएम अनुभा जैन, सीएमओ अशोक वर्मा और नगर पालिका के नीरेन्द्र डे एवं स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना की उपस्थिति में शहर के समस्त मूर्तिकारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मूर्तिकारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि इस वर्ष कोई भी मूर्तिकार प्लास्टर ऑफ पेरिस यानी पीओपी की मूर्ति का निर्माण नहीं करेगा। एसडीएम अनुभा जैन ने कहा कि नदी और तालाबों में विसर्जन के दौरान मिट्टी की मूर्तियां पानी में घुल जाती हैं, लेकिन पीओपी की मूर्तियां नहीं घुलती है। इससे जल स्त्रोत दूषित होते हैं और जलीय जीवों को नुकसान पहुंचता है। साथ ही पीओपी की प्रतिमाओं पर लगे रासायिनक रंग भी जलीय जीवों को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने मूर्तिकारों से केवल मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से बनी मूर्तियां बनाने की अपील की। प रशासन ने चेतावनी दी कि यदि कोई मूर्तिकार पीओपी की मूर्ति बनाते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और सामग्री भी जब्त की जाएगी।

उधर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने भी मूर्तिकारों से अपील की है कि वह पीओपी की मूर्ति बिल्कुल ना बनाएं क्योंकि इससे पर्यावरण को बहुत बड़ा नुकसान होता है। बैठक में सभी मूर्तिकारों ने प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और प्रदूषण की रोकथाम के लिए पर्यावरण मित्र मूर्तियां बनाने का संकल्प लिया।

दतिया उपचुनाव जीत पर कांग्रेस ने मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत की जानकारी मिलते ही नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सोमवार को कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया और ढोल-नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला। जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ शीतला माता मंदिर पहुंचा। जहां कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सफलता के लिए पूजा-अर्चना कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान कांग्रेस के समर्थन में नारेबाजी की गई और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आस्था जताई गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन दुबे और पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी ने कहा कि दतिया का परिणाम जनता का कांग्रेस की नीतियों और जनहित के मुद्दों पर विश्वास है। उन्होंने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन का परिणाम है। विजयी जुलूस में ब्लाक कांग्रेस, युवक कांग्रेस सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। नागरिकों ने भी जुलूस का स्वागत किया।

विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयास लाए रंग, व्यापारी संघ प्रतिनिधि मंडल ने की कृषि मंत्री से भेंट

केन्द्रीय मंत्री के समक्ष रखी पुरानी कृषि मंडी से जुड़े मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



क्षेत्र के व्यापारियों ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी के साथ गत दिवस केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर उनके समक्ष पुरानी कृषि उपज मंडी में स्थित दुकानों के मुआवजे की मांग रखी। जिस पर केन्द्रीय कृषि मंत्री ने अधिकारियों से चर्चा कर इस मामले का उचित और शीघ्र समाधान करने का भरोसा व्यापारियों को दिया।

उल्लेखनीय है कि नगर के व्यापारियों के हितों को लेकर विधायक हरिसिंह रघुवंशी लगातार सक्रिय रहते हैं। विधायक के विशेष प्रयासों से ही गत दिवस अनाज तिलहन व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मंडल को भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सौहार्द्रपूर्ण मुलाकात का अवसर प्राप्त हुआ। मुलाकात के दौरान व्यापारी संघ ने पुरानी मंडी से जुड़े मुआवजे की वर्षों से लंबित मांग को केन्द्रीय कृषि मंत्री के समक्ष विस्तार पूर्वक रखा। कृषि मंत्री ने पूरे विषय को गंभीरता और संवेदन शीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उचित एवं शीघ्र समाधान कराने का भरोसा दिलाया। व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का न्यायपूर्ण समाधान अवश्य होगा। व्यापारी संघ ने इस महत्वपूर्ण पहल का श्रेय विधायक हरिसिंह रघुवंशी को देते हुए कहा कि उन्होंने व्यापारियों की समस्या को अपनी प्राथमिकता बनाया और पूरी गंभीरता के साथ इस मुद्दे को देश के कृषि मंत्री के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा। विधायक की सक्रियता और व्यापारियों के हितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय है। अनाज तिलहन व्यापारी संघ ने इस सकारात्मक मुलाकात के लिए विधायक तथा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि पुरानी मंडी मुआवजे के प्रकरण का शीघ्र सकारात्मक निराकरण होगा, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, डॉ. खादी ग्रामोद्योग के उपाध्यक्ष राकेश जादौन, अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ अध्यक्ष सतीश जैन कटारे, घनश्याम दास अग्रवाल, अमित अग्रवाल, देवराज अरोरा, सतीश अग्रवाल एचपी, सुखप्रीत सिंह काके, निशीकांत वर्मा, सावन अग्रवाल, प्रताप भानु शर्मा, सहित अनेक व्यापारीगण एवं गणमान्य जन मौजूद थे।

सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण शुरु



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शिर्वाचन सेव समिति के माध्यम से पंडित प्रेम्हानंद शास्त्री के मार्गदर्शन मे त्रयंबकेश्वर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण प्रारंभ हो चुका है। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया है कि तीर्थों मे पार्थिव शिव लिंग का निर्माण विशेष पुण्य, आरोग्य और मनोकामनाओ की पूर्ति के लिए किया जाता ह। इस पुनीत आयोजन के मुख्य यजवान देवीसिंह रघुवंशी हैं। शास्त्री ने बताया कि वेदों और उपनिषदों के अनुसार शिवलिंग भगवान शि० का निराकार,अनंत ब्रम्हाडीय प्रतीक है। लिंग शब्द का अर्थ चिंह या प्रतीक होता है ना कि कोई शारीरिक अंग, यह सम्पूर्ण सृष्टि की ऊर्जा, सृजन और प्रलय का आदि अनादि स्वरूप है जिसमे पूरा ब्रम्हाड समाहित है। शास्त्री ने बताया कि शिवपुराण की कथा के अनुसार शिवलिंग की शुरूआत भगवान शिव के अग्नि स्तंभ ज्योर्तिलिंग के प्रकट होने से हुई। जब ब्रम्हा जी और विष्णु जी के बीच श्रेष्ठता का विवाद हुआ तब शिवजी ने एक अनंत प्रकाश स्तंभ के रूप मे खुद को प्रकट किया। जिसका आदि और अंत नही था और सबसे पहले इन दोनों ने ही इनकी पूजा की। इस दौरान समिति के लाल साहब, पर्वत सिंह, निर्भय सिंह, महेन्द्र प्रतापसिंह, छतर सिंह, तखत सिंह, भवरजी, वीरसिंह, रामरतन सिंह, भारतसिंह, कमर सिंह, भगवान सिंह, बबलू सहित अनेक भक्तजन शामिल रहे।

विकसित भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम में ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मेरा युवा भारत के तत्वावधान में नशा मुक्त युवा,विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत श्री राम मंदिर उदयपुर में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान के शुभारंभ अवसर पर दिए गए संबोधन के लाइव प्रसारण से हुई। इस प्रसारण को सामूहिक रूप से दिखाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री ने युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

उपस्थित युवाओं और नागरिकों ने ध्यानपूर्वक उद्बोधन सुना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सचिन शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, नीलेश भार्गव, दीपेश कौशिक, देवेंद्र विश्वकर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की और युवाओं को नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक उमेश कुशवाह विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही माय भारत युवा मंडल के अध्यक्ष सौरभ कुमार, नमन चौरसिया, प्रिंस रघुवंशी, पीयूष भार्गव, रोहित कुशवाह एवं विभिन्न युवा मंडलों के सदस्य भी शामिल हुए। इस दौरान सभी उपस्थित युवाओं और नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बिगाड़ता है बल्कि परिवार और समाज को भी कमजोर करता है। सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजकों ने कहा कि यह अभियान युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित करने और नशा मुक्त समाज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

नपा ने सड़कों पर घूमती गायों को भेजा गौशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर में सड़कों पर आवारा घूम रहे बेसहारा मवेशियों से आमजन को हो रही परेशानी को देखते हुए नगर पालिका ने सोमवार को विशेष अभियान चलाया। पालिका के निर्देश पर कर्मचारियों ने शहर के मुख्य मार्गों से मवेशियों को पकड़कर वाहन के माध्यम से गौशाला भेजा। पिछले कुछ दिनों से नगर के स्टेशन रोड, बस स्टैंड, त्योंदा रोड, बरेठ रोड, अस्पताल रोड और मुख्य बाजार क्षेत्र में गाय, बैल और अन्य मवेशी सड़कों पर खुलेआम घूम रहे थे। इससे यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई थी। राहगीरों और दुकानदारों ने कई बार नगर पालिका से शिकायत की थी। नगर पालिका सीएमओ के निर्देश पर पालिका दल ने सोमवार सुबह से अभियान शुरू किया। टीम ने विशेष वाहन और रस्सियों की मदद से मुख्य मार्गों पर घूम रहे बेसहारा मवेशियों को पकड़ा। पकड़े गए मवेशियों को नगर पालिका के वाहन में भरकर गौशाला भेज दिया गया। अभियान के दौरान नगर पालिका कर्मचारियों ने नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने मवेशियों को सड़क पर न छोड़ें। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सड़कों पर मवेशियों के बैठने से जाम लगता था और कचरा भी फैलता था। अब सफाई व्यवस्था बेहतर होगी। नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पालिका अधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा और स्वच्छता बनाए रखने के लिए नागरिकों का सहयोग जरूरी है। मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ना न केवल यातायात के लिए खतरनाक है, बल्कि मवेशियों के लिए भी जोखिम भरा है।

सुअरों से भी मिली है राहत

गंजबासौदा। नगर में पहले लावारिस सुअरों और मवेशियों की समस्या विकराल थी, लेकिन नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में गठित नवीन नपा परिषद ने अब नगर को सुअरों को लगभग मुक्त कर दिया है। जिससे नागरिकों को काफी राहत है। अब लावारिस मवेशियों को भी समय समय पर पकडकर गौशालाओं में पहुंचाया जा रहा है, जिससे नागरिकों एवं वाहन चालकों को इनसे भी राहत मिलने लगी है।

पटवारी संघ कलम बंद हड़ताल पर



गंजबासौदा। मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल के आव्हान पर सोमवार से प्रदेश में पटवारियों की कलम हड़ताल प्रारंभ की गई। जिसके तारतम्य में तहसीलदार को पटवारी संघ द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें पटवारियों ने उनकी 5 सूत्रीय मांगे पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने की बात कही। ज्ञापन में जो मांगे रखी गई हैं उनमें कैडर रिव्यू लागू एवं पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा आयोजित किया जाना, जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल किया जाना , वित्तीय लंबित भुगतान, पदाधिकारियों के नियम विरूद्ध स्थानान्तरण आदि मांगें शामिल हैं। ज्ञापन में कहा गया कि आज से ही राजस्व विभाग के समस्त ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कार्य बंद रहेंगे।

विधिक साक्षरता शिविर में छात्रों को दी जानकारियां

कानून के दायरे में रहकर ही कार्य करें: न्यायाधीश



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सैण्ट एसआरएस पब्लिक स्कूल में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर को न्यायाधीश साक्षी प्रसाद ने संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी को संविधान में बताए गए कर्तव्यों एवं अधिकारों की जानकारी होना चाहिए। बिना जानकारी के कई कार्य अपराध बहुत हो रहे हैं, ठग हमें थोड़ा सा लालच देते हैं या किसी ऐसी लिंक को खोलने के लिए कहते हैं, जिन्हें हमें नहीं खोलना चाहिए। गलत लिंक को खोलने पर तत्काल ही हमारे अकाउंट से पैसे कट जाते हैं। यदि आप से भूल बस इस प्रकार की गलती होती है, तो तत्काल अपने माता-पिता एवं पुलिस को सूचना देना चाहिए। पुलिस के आला अधिकारी तत्काल अपराध की श्रेणी में आते हैं। हम घर से कहीं भी जाएं, तो दो पहिया वाहन के लिए हेलमेट, लाइसेंस आदि होना अनिवार्य है। वहीं चार पहिया वाहन के लिए वाहन का पंजीयन, बीमा, पीयूसी, लाइसेंस आदि होना बहुत ही जरूरी है।

इनमें से कोई भी एक चीज आपके पास नहीं है, तो आपके विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई के साथ-साथ न्यायालयीन कार्रवाई भी हो सकती है। आजकल साइबर श्रेणी के उस खाते को बंद कर देते हैं। जिस खाते में आपके खाते से पैसा स्थानांतरित हुआ है। शीघ्र कार्रवाई करने से आपके पैसे की मिलने की संभावना अधिक हो जाती है। यदि हम देरी से जानकारी देते हैं, तो आपका पैसा मिलने में परेशानी होगी। शिविर को अधिवक्ता सुनील राजपूत, संस्था संचालिका सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने भी संबोधित किया।

एमपीपीएटी परीक्षा में नवांकुर के आठ विद्यार्थियों का हुआ चयन

गंजबासौदा। एमपीपीएट परीक्षा 2026 में नवांकुर के आठ विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इन विद्यार्थियों में हर्ष दांगी 320वी रैंक कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा, भूमि रघुवंशी 354वी रैंक कृषि महाविद्यालय ग्वालियर, एकता रघुवंशी 522 वी रैंक कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा, प्रथमेश भाटे 647 वी रैंक हॉर्टिकल्चर कॉलेज रेहली, स्मिता रघुवंशी 741 वी रैंक कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा, तनु रघुवंशी 986 वी रैंक कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा, प्रियांशी दुबे 1022 वी रैंक कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा, सारिका राजपूत 1476 वी रैंक कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा में अध्ययन करेंगी। उपर्युक्त चयनित विद्यार्थियों में से प्रियांशी दुबे और सारिका राजपूत ने एक साल का गैप लेकर यह परीक्षा उत्तीर्ण की है,जबकि प्रथम 6 विद्यार्थियों ने इसी वर्ष नवांकुर विद्यापीठ से हायर सेकेंडरी की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय के व्याख्याता दीपक शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों शुभकामनाऐं दी हैं।

शिव पुराण कथा में सुनाए प्रसंग

गंजबासौदा। पचमा रोड कुर्मी कॉलोनी में शिव अभिषेक एवं शिव कथा के तृतीय दिवस ओम नमः शिवाय मंत्र का महत्व बताते हुए पंडित केशव गुरु ने कहा इस मंत्र में पांच अक्षर हैं जो प्रकृति के पांच तत्वों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह अक्षर अमृत बीज इसमें है, अतः इस मंत्र का जाप सब प्रकार की व्याधियों का शमन करता है। महात्मा वत्स की कथा सुनाते हुए आपने बताया इस कलयुग में 1000 वर्ष की आयु आपने इसी मंत्र से प्राप्त की। शिवजी के सगुण साकार एवं निर्गुण निराकार दोनों स्वरूप हैं। शिवलिंग पूजन निर्गुण निराकार पूजन है यह स्वरुप सृष्टि के बीच स्वरूप है, शिव शब्द का अर्थ होता है कल्याण। सबके प्रति अच्छे विचार ,उत्तम विचार धर्म के आश्रय लेने से बनते हैं। शिव वाहन नंदी धर्म का स्वरूप है। इस पर विश्वास रूपी शिव विराजते हैं धर्म के चार चरण कहे गए हैं। पहला चरण सत्य है दूसरा चरण तप है, तीसरा चरण पवित्रता विचार एवं खान-पान पवित्र बनने से ही विचार शक्ति दृढ़ बनती है। शिव को जगतगुरु, अनादी देव माना गया है।

जहां अटल शिवभक्ति हो, वहां काल भी हार मानता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



जब मनुष्य का विश्वास भगवान शिव पर अटल हो, तब काल, संकट और विपत्तियां भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकतीं। गृहपति अवतार का प्रसंग इसी अडिग श्रद्धा और शिव कृपा का अनुपम उदाहरण है। श्रावण मास में श्री राम-जानकी मंदिर, खेड़ापति गौधाम में आयोजित 27 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिव के 84 अवतार चरित्र वर्णन के पांचवें दिन भगवान शिव के गृहपति अवतार की कथा ने श्रद्धालुओं को भक्ति और आस्था से भावविभोर कर दिया। कथा वाचक पं. धर्मेन्द्र भार्गव ने कहा कि महर्षि विश्वानर और उनकी धर्मपत्नी शुचिष्मती ने पुत्र प्राप्ति के लिए कठोर तप किया। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने स्वयं उनके पुत्र रूप में जन्म लेने का वरदान दिया। समय आने पर दिव्य तेज से युक्त बालक गृहपति का जन्म हुआ। देवर्षि नारद ने भविष्यवाणी की कि बारहवें वर्ष में अग्नि अथवा विद्युत के कारण उसके जीवन पर संकट आएगा। यह सुनकर माता-पिता चिंतित हो उठे, लेकिन बालक गृहपति ने भय के आगे झुकने के बजाय भगवान शिव की आराधना का मार्ग चुना। उन्होंने काशी जाकर कठोर तपस्या की। उनकी साधना से विचलित होकर देवराज इन्द्र ने तप भंग करने के अनेक प्रयास किए, लेकिन गृहपति अपने संकल्प से तनिक भी नहीं डिगे। अंततः भगवान शिव स्वयं प्रकट हुए, उन्होंने गृहपति को अभयदान दिया और अग्नितत्त्व का अधिष्ठाता बनने का दिव्य वरदान प्रदान किया। कथावाचक ने कहा कि गृहपति अवतार हमें सिखाता है कि विपत्ति कितनी भी बड़ी क्यों न हो, यदि श्रद्धा अटल और भक्ति निष्काम हो तो भगवान स्वयं अपने भक्त की रक्षा करते हैं। तप, संयम और विश्वास से असंभव भी संभव हो जाता है। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक, पूजन एवं महाआरती में सहभागिता कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा और पूरा वातावरण शिवमय हो गया।

निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

गंजबासौदा। नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, बैरागढ़ के सहयोग से स्वर्गीय राजेंद्र कुमार जैन की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को हितकारिणी धर्मशाला में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उनके भ्राता गुलाब चंद जैन, धर्मपत्नी मुन्नी देवी जैन तथा सुपुत्र रवीन्द्र जैन, शैलेन्द्र जैन के विशेष सहयोग से लगाया गया। शिविर में 121 मरीजों की आंखों की जांच की गई।

खबर संक्षेप

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर सिरोंज में जश्न, बांटी मिठाइयां



सिरोंज। दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह की ऐतिहासिक जीत पर सोमवार को सिरोंज नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक विजय उत्सव मनाया। छतरी नाका चौराहा एवं चांदनी चौक पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर आतिशबाजी की, मिठाइयां बांटी तथा एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। पूरे क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि दतिया उपचुनाव में मिली जीत केवल एक विधानसभा की जीत नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश कांग्रेस के सामूहिक नेतृत्व, संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है और यह परिणाम उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की एकजुटता और जनता के समर्थन के कारण कांग्रेस ने यह महत्वपूर्ण विजय हासिल की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी प्रदेश में कांग्रेस को जनता का भरपूर समर्थन मिलेगा। इस मौके पर विजय उत्सव में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश यादव,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सैफू गौरी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी,डॉ. सुब्हान गौरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए जीत की खुशी साझा की और प्रदेश

श्रद्धालुओं ने धार्मिक मेले का भी उठाया आनंद, दिनभर गूंजते रहे हर-हर महादेव के जयकारे

देवपुर धाम में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए पहुंचे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

श्रावण मास के पावन अवसर पर सोमवार को देवपुर स्थित प्रसिद्ध बाबा विश्वनाथ धाम में आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। सावन के पवित्र सोमवार पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर पहुंचने लगे। शिव भक्तों ने विधि-विधान से भगवान बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और देश-प्रदेश की उन्नति की कामना की। मंदिर परिसर और पूरे देवपुर धाम में दिनभर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष गूंजते रहे। बड़ी संख्या में कांवड़िए भी पवित्र जल लेकर बाबा विश्वनाथ के दरबार पहुंचे और श्रद्धा भाव से जलाभिषेक किया। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में सुव्यवस्थित दर्शन की व्यवस्था की गई। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर बाबा के दर्शन करते रहे। प्रशासन एवं मंदिर समिति के सदस्यों ने व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती रही।

श्रद्धालुओं ने मेले का लिया भरपूर आनंद

धार्मिक आस्था के साथ-साथ देवपुर धाम में लगे मेले का भी श्रद्धालुओं ने भरपूर आनंद लिया। मेले में बच्चों के लिए झूले, विभिन्न प्रकार की दुकानें, धार्मिक एवं घरेलू उपयोग की सामग्री, खिलौने, मिठाइयों और खान-पान के स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। परिवारों ने खरीदारी के साथ मेले का आनंद लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। श्रावण मास के पहले सोमवार पर देवपुर धाम में उमड़ी अपार श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर इस धार्मिक स्थल की आस्था और महत्ता को प्रमाणित किया। दिनभर दर्शन, पूजन, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों के बीच पूरा देवपुर धाम शिवमय वातावरण में सराबोर रहा।



बर्फानी दरबार में 121 किलो आमरस का भोग अर्पित

पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार के शुभ अवसर पर बाबा श्री अमरनाथ बर्फानी दरबार एवं श्री अमरनाथ बर्फानी सेवादल द्वारा भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना एवं भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान शिव को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ 121 किलो आमरस का भोग अर्पित किया गया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह शिवमय वातावरण में परिवर्तित हो गया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान भोलेनाथ का विशेष एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। पुष्पों, बेलपत्र, धतूरा एवं विभिन्न पूजन सामग्रियों से शिवलिंग का अलौकिक श्रृंगार कर महाआरती संपन्न हुई। वही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर देवपुर विश्वनाथ धाम की ओर जाने वाले हजारों शिव भक्तों एवं कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए श्री अमरनाथ बर्फानी सेवादल द्वारा 121 किलो आमरस की महाप्रसादी का वितरण किया गया।

कांवड़ियों का स्वागत कर आमरस एवं अन्य प्रसादी की वितरित

सेवादल के सदस्यों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कांवड़ियों का स्वागत कर उन्हें आमरस एवं अन्य प्रसादी वितरित की। श्रद्धालुओं ने इस सेवा कार्य की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे पुण्य एवं मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। सेवादल के पदाधिकारियों ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र समय है। इस अवसर पर शिवभक्तों एवं कांवड़ यात्रियों की सेवा करना ही सच्ची शिवभक्ति है। इस मौके पर बाबा बर्फानी के परम भक्त एडवोकेट महेष शर्मा ने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, शिवभक्त, कांवड़ यात्री एवं सेवादल के सदस्य उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन एवं सेवा भावना का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की प्रार्थना की। अंत में सभी भक्तों ने एक स्वर में प्रार्थना की कि भगवान भोलेनाथ समस्त विश्व का कल्याण करें।

एसडीएम ओम नारायण बड़कुल का छात्रावासों में आकस्मिक निरीक्षण

छात्राओं से सीधी बातचीत: भोजन, सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कस्तूरबा छात्रावास की व्यवस्थाएं मिलीं संतोषजनक, नेताजी सुभाष छात्रावास में अधीक्षिका मिलीं अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

नगर में छात्रावासों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने और छात्राओं को शासन की योजनाओं का समुचित लाभ मिल रहा है या नहीं, इसकी पड़ताल के लिए एसडीएम ओम नारायण बड़कुल ने भोपाल रोड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बालिका छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया। वहीं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास के निरीक्षण के दौरान मौके पर अधीक्षिका अनुपस्थित पाई गई और छात्राएं भगवान भरोसे दी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं तथा भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया।

सबसे पहले एसडीएम कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहुंचे, जहां उन्होंने छात्राओं से आत्मीयता के साथ चर्चा करते हुए उनके रहने, पढ़ाई, भोजन तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। छात्राओं ने भी छात्रावास की व्यवस्थाओं को लेकर अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद एसडीएम ने रसोईघर, भोजन की



गुणवत्ता, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, साफ-सफाई और छात्रावास परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक एवं सुव्यवस्थित पाई गईं। इस दौरान छात्रावास अधीक्षिका रीना मालवीय मौके पर उपस्थित रहीं और उन्होंने छात्रावास की व्यवस्थाओं की जानकारी एसडीएम को दी।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास में मिली लापरवाही

इसके बाद एसडीएम नेताजी सुभाष चन्द्र बालिका छात्रावास पहुंचे, जहां स्थिति कुछ अलग नजर आई। निरीक्षण के समय छात्रावास अधीक्षिका मौके पर उपस्थित नहीं थीं। साथ ही सहायक वार्डन भी अवकाश पर थीं। वहां छात्राओं को अधीक्षिका ने किस के भरोसे छोड़ दिया। जब एसडीएम के पहुंचने की सूचना अधीक्षिका को मिली और उन्हें फोन पर जानकारी दी गई, तब वे छात्रावास पहुंचीं। पूर्व में भी उक्त छात्रावास की जांच हो चुकी है जिसमें कई अनियमिताएं भी मिली। लेकिन फिर भी सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित बालिका छात्रावास में डीपीसी द्वारा कोई कार्यवाही नही की

पहले भी सामने आ चुकी हैं अनियमितताएं



उल्लेखनीय है कि नेताजी सुभाष चन्द्र बालिका छात्रावास पहले भी विभिन्न कारणों से सुर्खियों में रहा है। पूर्व में तत्कालीन एसडीएम द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान यहां कई अनियमितताएं सामने आई थीं, जिन पर सुधार के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका का अनुपस्थित मिलना एक बार फिर व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करता है।

छात्राओं के हितों से कोई समझौता नहीं

एसडीएम बड़कुल ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि छात्रावासों में निवासरत छात्राओं को शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समय पर और गुणवत्तापूर्ण मिलनी चाहिए। भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षा और अनुशासन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से छात्रावासों की निगरानी करने और छात्राओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम के इस आकस्मिक निरीक्षण से छात्रावास प्रबंधन में हड़कंप की स्थिति रही। प्रशासन की इस सक्रियता को छात्राओं के हितों की सुरक्षा तथा छात्रावासों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी पर पर्व

नाग पंचमी पर अग्रवाल समाज ने की नाग देवता की आराधना



सिरोंज। श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी पर मनाए जाने वाले नाग पंचमी पर्व पर अग्रवाल समाज द्वारा पारंपरिक श्रद्धा एवं आस्था के साथ नाग देवता का पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं एवं परिवारों ने तालाब किनारे स्थित नाग देवता की बांबी पर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं मंगलकामना के लिए प्रार्थना की। पूजन के दौरान महिलाओं ने बांबी पर कच्चा दूध, अक्षत, पुष्प, दूर्वा एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर नाग देवता का अभिषेक किया। धार्मिक परंपराओं के अनुसार श्रद्धालुओं ने नाग देवता से परिवार की रक्षा, सर्प भय से मुक्ति तथा जीवन में सुख-शांति बनाए रखने का आशीर्वाद मांगा। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया और समाज की महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए

महाराजा अग्रसेन और नागवंश से जुड़ी है परंपरा

अग्रवाल समाज में नाग पंचमी का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक एवं पौराणिक मान्यताओं के अनुसार समाज के आदि पुरुष महाराजा अग्रसेन का विवाह नागवंश की राजकुमारी रानी माधवी से हुआ था। रानी माधवी से ही महाराजा अग्रसेन के अठारह पुत्रों का जन्म हुआ, जिनके नाम पर अग्रवाल समाज के अठारह गोत्रों की स्थापना हुई। इसी ऐतिहासिक एवं पारिवारिक संबंध के कारण अग्रवाल समाज नागवंश के प्रति अपनी श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए प्रत्येक वर्ष श्रावण मास की प्रथम पंचमी, अर्थात नाग पंचमी का पर्व विशेष श्रद्धा के साथ मनाता है। समाज की परंपरा के अनुसार नाग पंचमी पर परिवार के सदस्य नाग देवता के निवास स्थान मानी जाने वाली बांबी पर जाकर पूजा करते हैं। कच्चा दूध, पुष्प, अक्षत और दूर्वा अर्पित कर नाग देवता से परिवार की रक्षा एवं समृद्धि की कामना की जाती है। कई परिवारों में एक दिन पूर्व तैयार किया गया ठंडा भोजन पहले बांबी पर भोग स्वरूप अर्पित किया जाता है, उसके बाद ही उसे ग्रहण करने की परंपरा भी निभाई जाती है। पूजन कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अनेक परिवारों की महिलाओं सहित समाजजन

5 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों ने सौंपा बस्ता, राजस्व कार्य होंगे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर



मप्र पटवारी संघ तहसील शाखा ग्यारसपुर के समस्त पटवारियों ने अपनी वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन के तहत पटवारियों ने अपना बस्ता सौंपते हुए पूर्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम शशि मिश्रा को सौंपा था।

संघ का कहना है कि कई बार शासन स्तर पर मांगें उठाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में ग्रेड पे एवं वेतनमान संबंधी विसंगतियों का निराकरण, विभागीय नायब तहसीलदार परीक्षा का नियमित आयोजन, जन प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को भी शामिल किया जाना, लंबित वित्तीय देयकों का शीघ्र भुगतान तथा स्थानांतरण नीति के अनुरूप पारदर्शी तबादला प्रक्रिया लागू करना शामिल है।संघ ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। से 2 अगस्त तक सभी ऑनलाइन एवं राजस्व संबंधी कार्यों का बहिष्कार किया गया इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं होने पर 3 अगस्त सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की गई है,आंदोलन के चलते ग्यारसपुर तहसील में नामांतरण, सीमांकन, नक्शा, राजस्व अभिलेख एवं अन्य राजस्व सेवाएं प्रभावित होने की संभावना है। ज्ञापन देने वालों में पटवारी संघ के अध्यक्ष शाहबाज खान, नरेंद्र साहू, प्रवीण रघुवंशी, पुनीत विश्वकर्मा, गोपाल सिंह कुशवाहा, राजीव सिंह ठाकुर सहित समस्त पटवारी मौजूद रहे ।

5 वर्ष के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त होने पर शाखा प्रबंधक विनोद अहिरवार का सम्मान कर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद



जिला सहकारी बैंक में पदस्थ शाखा प्रबंधक विनोद कुमार अहिरवार के 5 वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर उनके सेवा निवृत्त होने के अवसर पर भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न सहकारी समितियों के प्रबंधक, किसान एवं बैंक कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने श्री अहिरवार के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनका त्वरित समाधान किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बैंक कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर बेहतर कार्य प्रणाली स्थापित की, जिससे बैंक की सेवाओं में भी सुधार हुआ।कार्यक्रम के अंत में सभी ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर नटेरन में जश्न आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शरद शर्मा बोले: यह जीत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के संघर्ष और परिवर्तन की शुरुआत का प्रतीक



हरिभूमि न्यूज ⏭नटेरन

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की विजय पर मंगलवार को नटेरन स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक विजय उत्सव मनाया।

इस दौरान वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शरद शर्मा, रामसेवक रघुवंशी, महेश दुबे, संतोष रघुवंशी, रोहित रघुवंशी, ओमप्रकाश जाटव, नीलेश रघुवंशी, रामस्वरूप जाटव, धनसिंह मीणा, हुकम रघुवंशी, प्रवेश कुशवाहा, कोक सिंह रघुवंशी, सरपंच खलील खान, मदन अहिरवार, लक्ष्मण अहिरवार, दीपक सोनी, राम सिंह रघुवंशी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर शरद शर्मा ने कहा कि यह जीत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, वरिष्ठ नेताओं और समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दिन-रात के संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दतिया की धरती से परिवर्तन का आगाज हो चुका है और आने वाले समय में प्रदेश व देश में बदलाव निश्चित है।

- कहा : दतिया की धरती से परिवर्तन का आगाज हो चुका है और आने वाले समय में प्रदेश व देश में बदलाव निश्चित है।

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर सप्ताहभर होंगे आयोजन

विदिशा। गहोई समाज विदिशा द्वारा राष्ट्रकवि पद्म विभूषण मैथिलीशरण गुप्त की 140वीं जयंती सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक मनाई जा रही है। आयोजन की शुरुआत 2 अगस्त को गुप्त भवन में महिला मंडल द्वारा राखी निर्माण, फायरलेस कुकिंग, भारतीय पारंपरिक वेशभूषा एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं से हुई, जिनमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सोमवार को गुप्त जी के जन्मदिवस पर गुप्त भवन शेरपुरा में केसरिया ध्वज आरोहण, राष्ट्रगान एवं गहोई गायन हुआ। समारोह में समाज के पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्ष रमाकांत गुप्ता सहित अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे। पूर्व सचिव अरुण गुप्ता ने राष्ट्रकवि के जीवन, साहित्य और देशभक्ति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महात्मा गांधी ने उनके साहित्य से प्रभावित होकर उन्हें 'राष्ट्रकवि' की उपाधि दी थी तथा वे 10 वर्षों तक राज्यसभा के मनोनीत सदस्य रहे। गुप्त भवन प्रभारी चंद्रकांत गुप्ता ने बताया कि सप्ताहभर चलने वाले जयंती समारोह का समापन एवं पुरस्कार वितरण 9 अगस्त को गुप्त धर्मशाला में होगा।

अरविंद श्रीवास्तव की मां पंचतत्व में विलीन

विदिशा। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव एवं पटवारी अतुल श्रीवास्तव की मां एवं कवि सुरेंद्र श्रीवास्तव की चाची ब्रजकिशोरी श्रीवास्तव जी का सोमवार को निधन हो गया। बेतवा तट स्थित मुक्तिधाम पर उनकी अंत्येष्टि के बाद आयोजित शोकसभा का आयोजन हुआ। इस मौके पर उपस्थित जनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। आज मंगलवार सुबह 9 बजे मुक्तिधाम पर अस्थि संचय होगा।



स्व सतीशचंद जैन की श्रद्धांजलि सभा आज

विदिशा। भाजपा के वरिष्ठ नेता एड महेंद्र जैन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय जैन, डॉक्टर सुरेंद्र जैन के भाई एवं सुनील जैन, सतेंद्र जैन, सिद्धार्थ जैन के पिता सतीशचंद जैन का 2 अगस्त रविवार को निधन उपरांत आज मंगलवार सुबह 6 बजे अस्थि संचय होगा। देवदर्शन सुबह 10 .30 बजे निज निवास हॉस्पिटल रोड से स्टेशन स्थित शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर स्टेशन में कराया जाएगा। इसके बाद निज निवास पर पगड़ी रस्म एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा।



सेवानिवृत्त होने पर सुरेश शर्मा को दी विदाई

विदिशा। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के व्याख्याता रहे सुरेश शर्मा के 40 साल की सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। श्री शर्मा हाल ही में प्रमोशन पाकर हाईस्कूल प्राचार्य बन गए थे। वह भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ के कोषाध्यक्ष एवं जूनियर रेडक्रास के जिला संगठक, तथा शिक्षा विभागीय सहकारी समिति के अध्यक्ष भी हैं। सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे विदाई दी गई।



भगवान बलराम जन्म उत्सव को लेकर समिति का गठन, दो सितंबर को निकलेगा भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद



धाकड़ किरार समाज धर्मशाला महानीम चौराहा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से भगवान बलराम के जन्म उत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए समिति का गठन किया गया।

समाज के आराध्य देव भगवान बलराम जी का जन्म उत्सव 2 सितंबर (हर छठ) को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में समाजजनों द्वारा बलवीर धाकड़ (बमोरी) को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष के रूप में रामस्वरूप धाकड़ (सरपंच बमोरी), देव प्रकाश धाकड़, दौलत राम धाकड़ , हरि सिंह धाकड़, धनराज सिंह धाकड़ (वर्धा) को जिम्मेदारी सौंपी गई।

संगठन मंत्री के रूप में संतोष किरार, सचिव भूपेंद्र धाकड़, कोषाध्यक्ष विनोद धाकड़, रघुवीर सिंह धाकड़ बनाया गया। समिति में सदस्य के रूप में काशीराम धाकड़ , पंचम सिंह किरार, कमल सिंह धाकड़ , अभिषेक धाकड़, प्रीतम सिंह धाकड़ , सरवन सिंह धाकड़ , नीरज धाकड़ , गोलू धाकड़, संजीव धाकड़ , बाबूलाल धाकड़ , खिलान सिंह धाकड़ , मोतीलाल धाकड़ को शामिल किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान बलराम जी का जन्म उत्सव एवं भव्य चल समारोह धरणीधर महानीम चौराहा स्थित धाकड़ किरार समाज धर्मशाला से प्रारंभ होकर शमशाबाद के रामदेव बाबा मंदिर तक निकाला जाएगा, जहां समापन होगा। समाजजनों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू करने का संकल्प लिया।

पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता हुई

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में गृह विज्ञान विभाग के द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। इस आयोजन के प्रथम दिवस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्तनपान न केवल शिशु के पोषण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह माता के स्वास्थ्य के भी अनुकूल होता है। कार्यक्रम में डॉ. संध्या जैन, डॉ. राजुला अल्बर्ट, प्रो. रवि रंजन ने स्तनपान की आवश्यकता पर व्याख्यान दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं के मध्य पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चौंतीस छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



सालेरा समेत सात गांवों के हजारों लोगों को नहीं मिल रहीं स्वास्थ्य सुविधाएं

28 लाख का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सालों से अधूरा, इलाज के लिए भटक रहे ग्रामीण

देखरेख के अभाव में अधूरा भवन अब यह असामाजिक तत्वों और शराबियों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

विकास कार्यों और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के सरकारी दावों के बीच सांची विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सालेरा में स्वीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। करीब 28 लाख रुपए की लागत से बनने वाला अस्पताल भवन वर्षों बाद भी पूरा नहीं हो सका है। नतीजा यह है कि सालेरा सहित आसपास के सात गांवों के हजारों ग्रामीण आज भी बेहतर इलाज की सुविधा से वंचित हैं। देखरेख के अभाव में अधूरा अस्पताल भवन जर्जर होने लगा है और अब यह असामाजिक तत्वों व शराबियों का अड्डा बन चुका है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों के मुताबिक क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति मिली थी। अस्पताल शुरू होने से सालेरा, देवलखेड़ा, चांदना, महुआखेड़ा, नेवली, गनियारी और भुआरा सहित आसपास के गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर उपचार मिलने की उम्मीद जगी थी। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी भवन अधूरा पड़ा है और स्वास्थ्य सेवाएं शुरू नहीं हो सकी हैं।

कलेक्टर बोले- निर्माण की समीक्षा कर जल्द दिए जाएंगे निर्देश



समीक्षा कराई जाएगी

मामले में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने कहा कि उन्हें इस संबंध में जानकारी मिली है। निर्माण कार्य की समीक्षा कराई जाएगी और संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अस्पताल भवन का निर्माण पूरा कराने और जल्द से जल्द स्वास्थ्य सेवाएं शुरू कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

कई बार की शिकायत, फिर भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

उप सरपंच दुर्गेश कुमार, पूर्व सरपंच झलकन सिंह बैरागी और हेमराज बैरागी ने बताया कि अस्पताल निर्माण पूरा कराने की मांग कई बार संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने लिखित एवं मौखिक शिकायतें भी कीं। लेकिन आज तक निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं हुआ। ग्रामीण युवराज बैरागी और हेमराज लोधी जनपद सदस्य दीवान सिंह ठाकुर का कहना है कि चुनाव के समय गांव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे। लेकिन वे सिर्फ आश्वासन बनकर रह गए। उनका कहना है कि अस्पताल की स्वीकृति मिलने के बाद भी वर्षों तक काम अधूरा रहना सरकारी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

छोटी बीमारी में भी जाना पड़ता है कई किमी दूर

अस्पताल शुरू नहीं होने का सबसे अधिक असर ग्रामीणों पर पड़ रहा है। मामूली बुखार, दुर्घटना, प्रसूति या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए भी मरीजों को सांची, रायसेन या जिला अस्पताल या विदिशा तक जाना पड़ता है। कई बार समय पर इलाज नहीं मिलने से मरीजों की परेशानी बढ़ जाती है। निजी वाहनों या एंबुलेंस पर निर्भर रहने के कारण आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ता है।

निर्माण कार्य बंद, बढ़ रही भवन की बदहाली

ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल भवन निर्माण का ठेका आरईएस विभाग द्वारा गैरतगंज के एक ठेकेदार को दिया था, लेकिन लंबे समय से निर्माण कार्य बंद पड़ा है। अधूरी दीवारें, बिना दरवाजों-खिड़कियों वाला भवन और परिसर में फैली गंदगी इसकी बदहाली बयां कर रही है। सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है। शराबखोरी और अन्य गतिविधियों से ग्रामीण, खासकर महिलाएं और बच्चे, असुरक्षित महसूस करते हैं।

हजारों लोगों को मिल सकती है राहत....

ग्रामीणों का कहना है कि यदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जल्द शुरू हो जाए तो क्षेत्र के हजारों लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपलब्धता से टीकाकरण, प्रसव, प्राथमिक उपचार और अन्य सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ भी गांवों तक आसानी से पहुंच सकेगा।

फिलहाल, करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के दावों के बीच सालेरा का अधूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरकारी योजनाओं की धीमी रफ्तार की मिसाल बना हुआ है। ग्रामीणों की उम्मीद अब जिला प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी है कि वर्षों से बंद पड़े इस भवन में कब मरीजों का इलाज शुरू होगा।

अनिश्चितकालीन हड़ताल के साथ धरने पर बैठे 'पटवारी'

तहसीलदार को सौंपा हड़ताली सूचना पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

5 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे पटवारियों ने अभी तक उनकी मांगे स्वीकार नहीं होने के बाद संघ की घोषणानुसार सोमवार को तहसील प्रांगण पहुंचकर नारेबाजी करते हुए सुल्तानगंज तहसीलदार देवेंद्र शुक्ला को अनिश्चितकालीन हड़ताली पत्र आज से संपूर्ण काम बंद करके अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल शुरू कर धरने पर बैठे बेगमगंज एवं सुल्तानगंज तहसील के सभी 32 पटवारी।

पटवारी संघ के अध्यक्ष मनीष चौरसिया के नेतृत्व में सूचनापत्र देने वालों में पटवारियों में मनोज अठ्या, सुशील श्रीवास्तव, अंकुर दुबे, महेश कात्यवर, रामकृष्ण शाह, सजल भायजी, देवेश नेमा, कमलेश अहिरवार, भगवान सिंह राय, अजब सिंह धाकड़, योगेंद्र दुबे, शुभम जैन, मुकेश रघुवंशी, मनमोहन सिंह तोमर, सरिता यादव, रेखा राज, काजल गुप्ता, सोनम रजक, ओमप्रकाश भगत, राजेश शर्मा, विशाल गिरी, शशांक श्रीवास्तव, प्रजापाल, अभिषेक पंथी आदि शामिल थे जिनका कहना है कि जब तक उनकी 5 सूत्रीय मांगे स्वीकार नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कोई भी पटवारी किसी भी प्रकार का काम नहीं करेगा।

उल्लेखनीय है कि मप्र पटवारी संघ के आव्हान पर 5 सूत्रीय मांगों को लेकर बेगमगंज एवं सुल्तानगंज तहसील के सभी 32 पटवारी हड़ताल पर चले गए है।

उनकी मांग है कि मप्र में 1200 राजस्व निरीक्षक के पद रिक्त होने के बाद भी सरकार पदोन्नति नहीं कर रही है जबकि राजस्व विभाग के निरीक्षकों, नायब तहसीलदारों एवं तहसीलदारों की पदोन्नति की जा चुकी है। हड़ताली पटवारियों का कहना है कि जब राजस्व विभाग में अन्य पदों के अधिकारियों एवं कमर्चारियों को नियमित पदोन्नति सहित अन्य लाभ दिए जा रहे हैं तो पटवारियों को क्यों नहीं जबकि पटवारी ही सरकार के सबसे बड़े महकमें राजस्व विभाग का काम दिनरात एक करके निभाते हैं।

मूंग खरीदी केंद्रों के बाहर सड़कों पर लगी सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रालियों की लाइनें

युवाओं की टीम ने किया भोजन पैकेट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सरकार की घोषणा अनुसार 10 अगस्त तक स्लॉट बुक और 20 अगस्त तक समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद और तोल होगी। एक दो सप्ताह में क्षेत्र के हजारों किसानों से मूंग की खरीद तोल होना बड़ी चुनौती बन रही है। खरीदी केंद्र बने वेयरहाउसों के बाहर सडक़ों पर सैकड़ो मूंग से भरी ट्रैक्टर तालिया की लाइन लगी है जो सुरक्षित यातायात में बाधा बन रही है।

युवाओं द्वारा भोजन वितरण

बरेली पिपरिया मार्ग भोदिया के पास ,गुराडिया रोड, किनकी रोड, ऊंटियां चवारा मार्ग और बाड़ी के आसपास स्थित वेयरहाउस को खरीदी केंद्र बना बनाया गया है। सडक़ों पर ट्रैक्टर तालिया की लंबी लंबी लाइन 24 घंटे लगी रहती है मूंग बेचने वाले किसानों वाहन चालकों का ट्रैक्टरों पर डेरा बना रहता है। दिन-रात कठिन परिस्थितियों में सडक़ पर बने हुए हैं युवाओं की टीम ने ज्ञानेंद्र राजपूत के नेतृत्व में प्रदीप पटेल, शैलेंद्र



राजपूत, सोनू ठाकुर, बंटी ठाकुर, सोनू धाकड़, राजा भार्गव, शिवेंद्र राजपूत, सवा कुरेशी, मुकेश राय, अदनान खान, आसिफ पठान, छोटू ठाकुर, अरविंद धाकड़ इत्यादि द्वारा बिहार हाउस के बाहर और भीतर पहुंच कर किसानों और वाहन चालकों के बीच भोजन पैकेट का वितरण किया गया।

पत्नी और दो बच्चे को छोड़, साली के साथ भागा युवक दूसरे दिन केमवाली जंगल में फांसी पर लटके मिले शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-45 स्थित केमवाली जंगल में जीजा और साली के शव एक पेड़ से फंदे पर लटके मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों रविवार की सुबह अपने गांव बीकलपुर से बिना बताए निकले थे। सोमवार सुबह करीब 10 बजे जंगल से गुजर रहे राहगीरों ने सड़क किनारे जंगल में लटके शव देखे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सुल्तानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस ने बताया कि मृतक रूपेश कुशवाह (45) पिता गोकल प्रसाद निवासी बीकलपुर और उसकी साली आरती कुशवाह (28) पति दिनेश कुशवाह का शव बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में दोनों के बीच प्रेम प्रसंग की चर्चा सामने आई है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।

जीजा-साली प्रेम प्रसंग में बिखरे दो परिवार, पुलिस कर रही जांच





ग्रामीणों ने बताया कि आरती की पहली शादी टूट गई थी और करीब एक-दो माह पहले ही उसका दूसरा विवाह हुआ था। जबकि रूपेश विवाहित था और उसके दो बच्चे हैं। रविवार सुबह रुपेश और आरती (जीजा-साली) दोनों अचानक घर से लापता हो गए थे। परिजन तलाश दोनों की तलाश कर रहे थे, लेकिन सोमवार को दोनों जंगल में फंदे पर लटके मिले।

4 घंटे तक नहीं पहुंचा शव वाहन अन्य वाहन से पहुंचाया अस्पताल

घटना के बाद प्रशासनिक व्यवस्था भी सवालों के घेरे में रही। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बावजूद करीब चार घंटे तक शव वाहन नहीं पहुंच सका। इस दौरान पुलिस ने हाईवे से गुजर रहे कई वाहनों से मदद मांगी लेकिन कोई तैयार नहीं हुआ। बाद में एनएचएआई की पेट्रोलिंग गाड़ी की सहायता से दोनों शवों को सुल्तानपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

पुलिस बोली- हर एंगल से जांच

नवागत सुल्तानपुर थाना प्रभारी मयूरी गौर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए हैं। फिलहाल शवों के मर्ग कायम कर मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। आत्महत्या के पीछे की वजह और अन्य सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

खरगोन में लगे 'स्मार्ट मीटर' बिजली बिल हुए दो गुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

तहसील के ग्राम खरगोन में स्मार्ट मीटर लगते ही बिजली बिल दोगुना राशि के आना शुरू हो गए हैं। बिजली बिलों की भारी भरकम राशि देख परिवारों के होश फाख्ता हो रहे हैं। गरीब, मध्यम वर्गीय परिवार बिजली बिल देख कर कह रहे हैं कि बच्चों का भरण पोषण करें या हजारों रूपयों के बिजली बिल राशि जमा करें समझ में नहीं आ रहा है।

महंगाई के दौर में स्मार्ट मीटर की बिजली बिल लोगों को करंट मार रहे हैं। घरों में अच्छी स्थिति के लगे मीटर को बिजली विभाग के



ठेकेदार द्वारा बदलकर स्मार्ट मीटर लगा दिए।

स्मार्ट मीटर की बिजली बिल देखकर उपभोक्ता हक्का-बक्का हो रहे हैं। बिजली उतनी ही जली और मीटर बदलने से खपत और राशि 2 गुनी हो गई। गरीब मध्यम वर्गी परिवारों में बिजली बिल अब गांव के सार्वजनिक स्थानों पर चर्चाओं का विषय बन रहे हैं।


उपभोक्ता बड़ी राशि के भारी भरकम बिल कैसे भर पाएंगे परिवारों के मुखिया आमजन स्मार्ट मीटर को बदलने बिजली दफ्तर का घेराब करने आंदोलन की रूपरेखा बना रहे हैं।

ग्राम खरगोन निवासी पुरुषोत्तम बडोनिया ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगते ही बिजली बिल की राशि दो गुना हो गई है। गरीब मध्य वर्गी मजदूर परिवार हजारों रुपए के बिजली बिल जमा करें या परिवार का भरण पोषण करें स्मार्ट मीटर की स्थान पर पुराने सामान्य मीटर लगाए जाना चाहिए।

समस्या : गीदगढ़ अंडरपास में घुटनों-घुटनों तक भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत आने वाले गीदगढ़ गांव के मार्ग पर स्थित रेलवे अंडरपास पुलिया में बारिश होते ही जलभराव की गंभीर समस्या खड़ी हो जाती है। हर बार की तरह इस मानसून में भी अंडरपास में घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे क्षेत्र के कई गांवों के लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों को जान



जोखिम में डालकर इस गंदे पानी के बीच से निकलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

दो-तीन गांवों का यह इकलौता मुख्य रास्ता

गीदगढ़ अंडरपास सिर्फ एक गांव के लिए नहीं, बल्कि आसपास के 2 से 3 गांवों के लिए आवागमन का मुख्य जरिया है। वैकल्पिक मार्ग न होने के कारण ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और राहगीरों के पास इसी रास्ते का इस्तेमाल करने के अलावा कोई अन्य उपाय नहीं है। बारिश के दिनों में अंडरपास किसी मिनी तालाब में तब्दील हो जाता है। ऐसे में बाइक सवारों, पैदल चलने वालों और चौपहिया वाहन चालकों को पानी के बीच से गुजरना पड़ता है। कई बार दोपहिया वाहन पानी में बंद हो जाते हैं या फिसलन के कारण हादसे का शिकार हो जाते हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। हर साल बारिश में उन्हें इस भयावह स्थिति का सामना करना पड़ता है।

घंटों कतार में लगकर किया जलाभिषेक

सावन के पहले सोमवार पर मंदिरों में रही भक्तों का भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सावन माह के पहले सोमवार को दीवानगंज क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक और दर्शन के लिए भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। कई मंदिरों में श्रद्धालुओं को अपनी बारी आने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा, लेकिन शिवभक्ति के उत्साह में कहीं कोई कमी नहीं दिखी।

क्षेत्र के प्रसिद्ध गीदगढ़ स्थित सिद्धेश्वर गुफा मंदिर, दीवानगंज पहाड़ी का प्राचीन गुफा शिव मंदिर, अंबाडी का शिव-पार्वती मंदिर, दीवानगंज का इच्छापूर्ति हनुमान-शिव पार्वती मंदिर, खेड़ापति हनुमान माता-शिव मंदिर तथा सेमरा



के गायत्री एवं खेड़ापति माता मंदिर में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग और पुष्प अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चों सहित दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। कई स्थानों पर कतारें मंदिर परिसर से बाहर तक पहुंच गईं।

बिजली दफ्तर से एसडीएम कार्यालय तक विरोध, मीटर जलाने की दी चेतावनी

स्मार्ट मीटर से 'स्मार्ट लूट' का आरोप, महिलाओं ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

नगर परिषद गैरतगंज के वार्ड 12 गैरतपुर में बिजली विभाग द्वारा लगाए नए 'स्मार्ट मीटर' स्थानीय निवासियों के लिए जी का जंजाल बन गए हैं। बिना किसी पूर्व सूचना और सहमति के लगाए इन मीटरों के कारण बिजली बिलों में अप्रत्याशित उछाल आया है। सोमवार को इस समस्या से आक्रोशित महिलाओं का गुस्सा बिजली विभाग और प्रशासन के खिलाफ सड़क पर फूट पड़ा।

दर्जनों महिलाओं ने विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। सामान्य और गरीब परिवारों के बिल 500–1000 रुपए से सीधे बढ़कर 4000 से 5000 रुपए तक पहुंचे। मांग पूरी न होने पर स्मार्ट मीटर उखाड़कर जलाने और मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी।

अधिकारियों के रवैये से बढ़ी नाराजगी : वार्डवासियों का आरोप है कि खपत में कोई बदलाव न होने के बावजूद बिल 2 से 3 गुना तक बढ़ गए हैं। इससे

दो बल्ब और एक पंखा का बिल 5000 आने पर फूटा गुस्सा



पहले निवासियों ने विद्युत विभाग गैरतगंज के जूनियर इंजीनियर शैलेश पटेल (जेई) को भी लिखित शिकायत दी थी, लेकिन वहां से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

सोमवार को बिजली दफ़्तर में चार घंटे तक चले हंगामे के बावजूद जब किसी जिम्मेदार अधिकारी ने उनकी सुध नहीं ली, तो महिलाएं निराश होकर एसडीएम कार्यालय और थाने पहुंचीं।

ज्ञापन में उग्र आंदोलन और चक्काजाम की दी चेतावनी

विभाग से न्याय न मिलने पर आक्रोशित महिलाओं ने एसडीएम और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर पुराने डिजिटल/साधारण मीटरों को तत्काल बहाल करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द ही इन स्मार्ट मीटरों को हटाकर पुराने मीटर वापस नहीं लगाए, तो हम खुद मीटरों को तोड़कर आग के हवाले कर देंगे और मुख्य सड़क पर उतरकर चक्काजाम करेंगे। इससे उत्पन्न होने वाली किसी भी कानून-व्यवस्था की स्थिति के लिए सीधे तौर पर शासन-प्रशासन जिम्मेदार होगा। फिलहाल, पीड़ित वार्डवासियों ने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर तत्काल राहत प्रदान करने की गुहार लगाई है ताकि उनके सामने भुखमरी की स्थिति निर्मित न हो।

चूड़ी बेचकर कैसे भरें भारी भरकम बिल?

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं का दर्द छलक पड़ा। पीड़िता माया बाई ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे घरों में महज दो बल्ब और एक पंखा चलता है, फिर भी हर महीने 4000 से 5000 रुपये का बिल थमाया जा रहा है। इतनी कम खपत में इतना भारी बिल आना सीधे तौर पर 'स्मार्ट लूट' है।

मजदूरी और चूड़ी बेचकर परिवार का गुजर-बसर करने वाली एक अन्य महिला ने रुंधे गले से सवाल उठाया कि मेहनत-मजदूरी करके जैसे-तैसे घर चलाने वाले गरीब परिवार हर महीने 5,000 रुपये बिजली का बिल कहां से भरेंगे।